अफवाह के चलते दो कांस्टेबलों पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

कलेक्टर-एसपी के साथ भारी पुलिस जाब्ता तैनात

भीम, (निसं)। उदयपुर में कन्हैयालाल साहू की हत्या के बाद टोगी में दो जनों की गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर निर्दोष को पुलिस द्वारा पकड़ने और अफवाह के चलते छठे दिन भी भीम के बाजार बंद रहे। सांसद दीया कुमारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम उम्मेदसिंह राजावत को ज्ञापन देकर निर्दोष लोगों को छोड़ने की मांग उठाई।

तनावपूर्ण हालात को देखते हुए सुबह से कलेक्टर नीलाभ सक्सेना व जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी मय जाब्ते के भीम थाने पर डटे रहे। इस बीच बदनौर चौराहे पर तैनात कांस्टेबल वजेराम व प्रकाश पर एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे एक कांस्टेबल का हाथ कटकर अलग हो गया, जबकि दूसरे कांस्टेबल की अंगुली कट गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चुनसिंह के पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल भीम कस्बे में शांति व्यवस्था कायम है और एसपी सुधीर चौधरी ने आमजन से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

कुछ देर खुला बाजार, फिर हो गया बंद :- भीम कस्बे में सुबह 8 बजे से बाजार खुल गए। उसके बाद भाजपा द्वारा निर्दोष लोगों को छोड़ने की मांग को लेकर बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता भीम के उपखंड कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए।



घायल कांस्टेबल का पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल में उपचार कराया।

भारी भीड़ के चलते अशांति की आशंका के चलते 11 बजे बाद पहले बस स्टैंड से उपखंड कार्यालय तक मुख्य सड़क की दुकानें बंद हो गई। उसके बाद बदनौर चौराहे पर कांस्टेबल पर जानलेवा हमले की सूचना कस्बे में फैलने के साथ ही पूरा कस्बा बंद हो गया।

भाजपा द्वारा भीम चलो अभियान का आव्हान करने के बाद कानून एवं शांति व्यवस्था को देखते हुए भारी भीड़ एकत्रित न हो। इसको लेकर राजसमंद, पाली, अजमेर व भीलवाड़ा जिले की सीमा के सभी रास्तों पर पुलिस तैनात कर दी गई। युवाओं की भीड़ को कस्बे में प्रवेश से रोक दिया। हालांकि कस्बे व आस -पास के क्षेत्रीय लोगों ने सांसद दीया कुमारी के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपे।

सुधीर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक राजसमंद का कहना है कि किसी भी आरोपी से कस्बे में माफी मंगवाने की अफवाह झूठी है। ऐसा कोई मामला नहीं है और न ही किसी निर्दोष व्यक्ति को पुलिस द्वारा पकड़ा गया। बेवजह कतिपय लोगों द्वारा निर्दोष लोगों को पकड़ने की अफवाह फैलाई जा रही है, जो गलत है। व्यापारी, कस्बेवासी पुलिस का सहयोग करें और कोई भी व्यक्ति भ्रमित नहीं होवे।

अमरसिह रावत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भीम का कहना है कि पहले कुछ निर्दोष लोगों को पकड़ा गया था। व्यापार मंडल द्वारा निर्दोष लोगों की सूची उपलब्ध करवाने पर विधायक सुदर्शनसिह रावत की दखल के बाद एएसपी शिवलाल बैरवा व डीएसपी राजेंद्रसिंह द्वारा जांच के बाद निर्दोष को छोड़ दिया। साथ ही व्यापारी अब बाजार खोलने को तैयार हैं। आज भी बाजार खोल दिए, मगर सांसद के ज्ञापन देने के दौरान भीड़ के आने व कांस्टेबल पर फिर हमला होने से व्यापारी घबरा गए और दुकानें बंद की हैं। अब बुधवार से बाजार खोल दिया जाएगा।

■ **भीम के बाजार छठे दिन भी बंद रहे**

आमजन भी किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देवे।

सुदर्शनसिंह रावत, विधायक भीम का कहना है कि भीम कस्बा शांतिपूर्ण है, पुलिस ने अच्छा कार्य किया है और पुलिस पर हमला करना निंदनीय है। युवा के साथ आमजन किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देवे और शांति व्यवस्था बनाए रखें।

पूर्व विधायक हरिसिंह रावत का कहना है कि भीम पुलिस के जवानों पर जो असामाजिक तत्वों द्वारा धारदार हथियार से हमला हुआ है उसकी में घोर निंदा करता हूं इसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

पुलिस कर्मी का जेएलएन में उपचार जारी :- राजसमंद के भीम कस्बे में सोमवार को दिन दहाड़े बदनौर चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पर अज्ञात बदमाश ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में हेड कॉन्स्टेबल भजेराम का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल को इलाज के लिए ब्यावर रैफर किया गया है, जहां उपचार के बाद अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में रैफर कर दिया गया।

एमबीबीएस करवाने के नाम पर दो युवकों से 15 लाख की ठगी

शहर के प्रतापनगर पुलिस थाना क्षेत्र निवासी है पीड़ित

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के प्रतापनगर पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक और उसके दोस्त को एमबीबीएस की डिग्री दिलाने के नाम पर हरियाणा के एक व्यक्ति ने 15-16 लाख की ठगी कर डाली। तीन साल तक चाइना में डिग्री करवाई। कोविड के चलते मामला ठंडा पड़ने पर यूक्रेन से करवाने का प्रलोभन दिया गया मगर डिग्री नहीं मिल पाई। अब पीड़ित के पिता ने इस बारे में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी है।

थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि घटना में प्रतापनगर के दाउ की ढाणी गेट संख्या तीन के सामने रहने वाले धर्मेंद्र सोनी पुत्र सत्यप्रकाश सोनी की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि हरियाणा रोहतक निवासी सतीश शर्मा नाम के एक शख्स से संपर्क हुआ था। परिवादी ने बताया कि उसके पुत्र को एमबीबीएस की डिग्री कराने की बात को लेकर सतीश शर्मा से बात की गई। तब उसने डिग्री कराने के लिए हामी भरी। इसके लिए उसने 15-16 लाख का खर्चा होना बताया था। तब परिवादी के पुत्र और उसके दोस्त दोनों को एमबीबीएस की डिग्री दिलाने के नाम पर रूपए लिए गए।

इनको चाइना से डिग्री दिलाने की बात की। तीन साल तक कोर्स भी चला, मगर बीच में कोविड फैलने के चलते कोर्स अधूरा रह गया। स्थानीय स्तर पर पता लगा कि चाइना की डिग्री मान्य नहीं है, तो आरोपी सतीश शर्मा ने अन्य देश से डिग्री दिलाने को कहा। इस पर उसने यूक्रेन से डिग्री दिलाने की बात की। दो साल का कोर्स कराने को कहा था मगर यहां पर भी वह जालसाजी करता रहा और रूपए ऐंठता रहा। थानाधिकारी ढाका ने बताया कि परिवादी ने अपने पुत्र और उसके दोस्त को एमबीबीएस की डिग्री के नाम पर 15-16 लाख रूपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए अब केस दर्ज कराया है।

नूपुर शर्मा की हत्या की धमकी

अजमेर, (कासं)। अजमेर के दरगाह पुलिस थाने के हिस्ट्री शीटर सलमान चिश्ती ने भाजपा की राष्ट्रीय निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को जान से मारने की धमकी देने का सोशल मीडिया पर वायरल हुये विडियो के बाद पुलिस ने चिश्ती के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

पुलिस सलमान चिश्ती की तलाश में भी जुट गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हिस्ट्रीशीटर चिश्ती का यह वीडियो 2.50 सैकंड का है, जिसमें वह रोते हुए नूपुर शर्मा की हत्या की धमकी दे रहा है। बताया जाता है कि वीडियो सप्ताह से अधिक समय पुराना है। दरगाह थाना पुलिस ने इस मामले में देर शाम मामला दर्ज कर सलमान चिश्ती की तलाश शुरू कर दी है।

ढाई महीने बाद ही बदले अलवर के कलेक्टर

अलवर, (निसं)। अलवर कलेक्टर शिव प्रसाद नकाते का ढाई महीने में ही ट्रांसफर हो गया। जिन्होंने 19 अप्रैल 2022 को ही कुर्सी संभाली थी। अब अचानक उनको तबादला जयपुर कर दिया है। अलवर में जितेंद्र कुमारी सोनी को कलेक्टर लगाया गया है। अलवर कलेक्टर शिव प्रसाद को 15 अप्रैल 2022 को अलवर लगाया गया था।

नवनियुक्त कलेक्टर जितेंद्र सोनी

जिन्होंने 19 अप्रैल को कार्यभार ग्रहण किया था। अब 4 जुलाई 2022 को उनको अलवर से जयपुर ट्रांसफर कर दिया है। अब अलवर के नए कलेक्टर के रूप में जितेंद्र कुमार सोनी को लगाया गया है। शिव प्रसाद नकाते को राजस्थान राज्य औद्योगिक विकासएवं विनयोजन निगम में प्रबंध निदेशक लगाया है। वहीं जितेंद्र कुमार सोनी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक के पद से अलवर कलेक्टर लगाया गया है। जिला परिषद सीईओ के तौर पर अर्तिका शुक्ला को जिम्मेदारी दी है।

अभिभावकों ने स्कूल को जड़ा ताला, सड़क पर बैठकर पढ़ने लगे बच्चे

सूरतगढ़, (निसं)। सूरतगढ़ से सटे गांव मानकसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूल खोलने से पहले ताला जड़ दिया। हंगामा होता देख सिटी पुलिस, तहसीलदार और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने ग्रामीणों से समझाइश की।

दरअसल, गांव के सरकारी स्कूल की कक्षा 10 का विगत 2 सत्र का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक आ रहा है। बीते वर्ष जहां 51प्रतिशत के आस-पास रहा था, वहीं इस वर्ष यह

■ **कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम को लेकर ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल के ताला जड़ दिया**

60 प्रतिशत रहा। ऐसे में अभिभावकों ने विद्यालय स्टॉफ पर लापरवाही और शिक्षण कार्य में रूचि नहीं लेने का आरोप लगाते हुए तालाबंदी कर दी। गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल के पूरे स्टाफ को यहां से चलता करने की मांग रख दी। वहीं इस संबंध में स्कूल की प्रधानाचार्या मंजू रांगेरा ने कहा कि विगत दो वर्षों में कोरोनाकाल के चलते विद्यार्थियों को प्रमोट किया गया था। उसके बाद लगे विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति भी कम रही थी और जिन का परिणाम बहुत कम रहा है।

ऐसे वे ही बच्चे हैं जो शाला में पहुंचे ही नहीं थे। वहीं हंगामे और तालाबंदी की सूचना पर सीबीईओ, सिटी थाना अधिकारी तथा तहसीलदार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि वे 15 दिनों में इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई कर देंगे। तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने तालाबंदी समाप्त की।

मासूम के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

बौंली, (निसं)। पॉक्सो एवं परिवार न्यायालय जिला सवाई माधोपुर ने एक तीन वर्षीय मासूम बालिका के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी शंकर खंगार निवासी मैनपुरा थाना सूरवाल को दोष सिद्ध हो जाने पर अंतिम सांस तक आजीवन कारावास व 1 लाख के अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि फुटपाथ पर जीवन बसर करने वाली पीड़िता ने बताया कि वह अगरबत्ती बेच कर अपना पेट पालन करती है। 22 दिसंबर 2020 को शाम 5:30 बजे पास की झोपड़ी में रहने वाला शिवम मस्ता उर्फ शंकर खंगार निवासी मैनपुरी थाना सूरवाल मेरी चूल्हे के पास आकर बैठ गया एवं मेरी 3 वर्षीय बालिका को दुकान पर टोफी दिलाने के बहाने साथ लेकर चला गया। काफी समय बाद भी जब वह नहीं लौटा तो बच्ची व शंकर को तलाश किया नहीं मिलने पर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने दूसरे दिन ही 23 दिसंबर 2020 को आरोपी शंकर खंगार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में हैं। न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को उम्रकैद व जुर्माने से दंडित किया।

मंत्री शेखावत ने कन्हैयालाल के परिवार को सांत्वना दी

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मृतक कन्हैयालाल के परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दी।

उदयपुर, (निसं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत प्रातः डबोक हवाईअड्डे पर पहुंचे जहां भाजपा उदयपुर की और से उनका स्वागत किया गया। वहां से केंद्रीय मंत्री सर्किट हाउस पहुंचे और वहां से सेक्टर 14 स्थित स्व कन्हैयालाल तेली के निवास पर पहुंच पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रदान की। मीडिया से बात करते हुए इस घटना को घोर लापरवाही का दुःखद परिणाम बताया। इसके पश्चात इस घटना में घायल ईश्वर के निवास पर पहुंचे और उनसे व परिवारजनों से मिले। यहां से वे पूर्व महापौर रजनी डांगी के पति वीरेन्द्र डांगी जो काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे है उनकी कुशलक्षेम पूछने पेसिफिक हॉस्पीटल पहुंचे और वहां से जोधपुर के लिए प्रस्थान कर गए।

मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि एयरपोर्ट एवं सर्किट हाउस पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य ताराचंद जैन, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, महापौर जी एस टांक, उपमहापौर पारस सिंघवी, जिला प्रमुख ममता कुमार पवार उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, पूर्व देहात जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पवार, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, भाजपा शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड, मनोज मेघवाल, प्रदेश आपदा राहत अभियान के संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री, पार्षद छोगालाल भोई, महेश त्रिवेदी, डॉ. शिल्पा पामेचा, देवेंद्र साहू, हेमंत बोहरा आदि उपस्थित थे।

मंत्री धारीवाल की नाराजगी के बाद कोटा कलेक्टर हटाए गए

पहली लिस्ट में नाम था नदारद बाद में तबादले के आदेश आए

कोटा, (निसं)। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की नाराजगी कोटा जिला कलेक्टर को भारी पड़ गई। यूडीएच मंत्री के नाराजगी जताने के कुछ समय बाद ही जिला कलेक्टर के तबादले के आदेश आ गए।

गौरतलब बात यह है कि जब तबादलों की पहली लिस्ट जारी हुई तो उसमें कोटा जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा का नाम नहीं था परंतु कुछ समय पश्चात ही उनके तबादले के आदेश जारी हो गए। माना जा रहा है कि उनका तबादला यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की नाराजगी की वजह से हुआ है। सुबह ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूआईटी सेक्रेटरी से जिला कलेक्टर के द्वारा फाइल रोके जाने पर नाराजगी प्रकट की थी। दरसल प्रदेश के यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल कोटा दौरे पर आए हुए हैं। उन्होंने सोमवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान रामपुरा मुक्ति धाम में चंबल रिवरफ्रंट का काम देखते हुए वे नाराज हो गए।

निर्माण कार्य से जुड़ी एक फाइल को लेकर चर्चा चल रही थी। जिसमें जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा के पास फाइल 1 महीने से पेंडिंग होने की बात सामने आई थी। इस पर धारीवाल राजेश जोशी पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि क्या आप कलक्टर से डरते हैं। आपको कलेक्टर ने यहां पर लगा रखा है या फिर मैंने। मैंने आपको पदस्थापित करवाया है या कलक्टर ने इस तरह से फाइल को कलक्टर रोक लेता है तो मुझे जानकारी क्यों नहीं दी जाती है। पहले भी मैंने कई बार यह बात आपसे कही है। बड़ तिराहे के नजदीक बन रही लाइब्रेरी के कार्य में देरी के लिए मंत्री ने ठेकेदार को जुलाई तक का समय दिया। उन्होंने कहा कि जुलाई तक काम पूरा नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ यूआईटी के ओएसडी आरडी मीणा व आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया सहित कई अधिकारी मौजूद थे। यूडीएच मंत्री ने लाडपुरा गेट पर भी निरीक्षण किया था। यहां से वे काफिला छोड़ कांग्रेस कार्यकर्ता के घर शादी समारोह में शरीक होने के लिए स्कूटर पर सवार होकर निकल गए। वे कांग्रेस कार्यकर्ता के स्कूटर पर बैठकर विक्रम चौक पहुंचे।

कोटा में सर्किट हाउस से घंटाघर जाने वाली सड़क मार्ग पर गवर्नमेंट कॉलेज के सामने पौधे लगाने के काम में देरी पर मंत्री ने नाराजगी जताई और ठेकेदार को निकम्मा कह दिया।

पावटा-प्रागपुरा बंद पूर्णतया सफल रहा

सर्व समाज के बाजार बंद के आव्हान के बाद पावटा-प्रागपुरा के बाजार में पसरा सन्नाटा।

पावटा, (निसं)। पावटा-प्रागपुरा सर्व समाज के नेतृत्व में उदयपुर में घटित कन्हैया लाल हत्याकांड के विरोध में बंद रहा। बंद के आव्हान पर पावटा-प्रागपुरा सहित उपखंड क्षेत्र के सभी व्यापारिक संगठनों ने स्वैच्छिक समर्थन देते हुए व्यापारियों और दुकानदारों ने इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कन्हैयालाल हत्याकांड के खिलाफ रोष प्रकट किया। जिससे कस्बे के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

सुबह 9.30 बजे प्रागपुरा रामलीला मैदान में सर्व हिंदू समाज, सामाजिक संगठन व व्यापारिक संगठन एवं जनप्रतिनिधियों और सभी कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दुर्गा वाहिनी, मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

■ **शांतिपूर्ण रैली निकाली, हनुमान चालीसा का पाठ किया**

सहित संपूर्ण सामाजिक संगठन के प्रमुख लोग एकत्रित होकर रैली के रूप में प्रागपुरा से पावटा पहुंचे। वहीं पैदल मार्च में सर्व हिंदू समाज के लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की सभी ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर कन्हैयालाल को 2 मिनिट का मौन रख श्रद्धांजलि देकर पावटा उपखण्ड अधिकारी राजवीर सिंह को विभिन्न मांगों पर कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपा।

पावटा प्रागपुरा में बंद को देखते हुए सुबह से ही पुलिस अधिकारी गश्त करते हुए नजर आए। विभिन्न स्थानों पर पुलिस एवं प्रशासन अलर्ट रहे। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि शहर में 50 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे। इस मौके पर जिला संघ चालक पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, प्रागपुरा मदन सैनी, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, महामंत्री एससी मोर्चा बद्री प्रसाद चौहान, भाजपा एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कन्हैयालाल मीणा सहित सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

दुकान के बाहर सो रहे दुकानदार की पत्थर मारकर हत्या

कोटा, (निसं)। जिले के छावनी रामचंद्रपुरा में रविवार रात एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई। बदमाशों ने मृतक के सिर पर पत्थर से हमला किया जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना रविवार देर रात की है जिसकी जानकारी पुलिस को सोमवार सुबह मिली। जानकारी के अनुसार मृतक का

■ **पुलिस ने फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया**

नाम सुरेश धोबी है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने उसका शव दुकान के बाहर पड़ा हुआ देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद पुलिस ने फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। छावनी चौकी के प्रभारी कप्तान सिंह का कहना है कि सुरेश ड्राई क्लीनर की दुकान संचालित करता था और उसी दुकान में रहता था। वह बीते 20 सालों से अपने परिवार से अलग रह रहा था। गर्मी की वजह से सुरेश दुकान के बाहर सो रहा था इस बीच यह घटना घटित हो गई।

छह नकाबपोश बदमाशों ने आधे घंटे में की एक्सिस बैंक में एक करोड़ की डकैती

तीन बाइक पर आए थे बदमाश, कर्मचारियों को बंधक बनाकर कैश-गोल्ड ले गए

अलवर, (निसं)। तीन बाइकों पर आए हथियारों के साथ आए 6 बदमाश बैंक से 78 लाख रुपए और 26 लाख रुपए का सोना लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने महज 30 मिनट में डकैती को अंजाम दिया।

घटना भिवाड़ी के रीको चौक स्थित एक्सिस बैंक ब्रांच की है। भिवाड़ी एसपी शांतनु कुमार ने बताया कि 3 बाइक पर 6 बदमाश आए थे। यहां एक्सिस बैंक कर्मचारियों को बंधक बनाया। पुलिस सीसीटीवी खंगाल कर डकैतों की पड़ताल में लगी है। बैंक कर्मियों ने पुलिस को बताया कि करीब 10 बजे बैंक खुला ही था, डकैत बाइक से आए थे। इनके चेहरे पर मास्क लगा था और उनके पास हथियार थे। बैंक में घुसते ही डकैतों ने कर्मचारियों को बंधक बना लिया और लॉकर की चाबी ले ली। कर्मचारियों ने बताया कि डकैत अपने साथ बैग भी लेकर आए थे। लॉकर में जितने रुपए और गोल्ड मिला वो लेकर फरार हो गए।

एसपी शांतनु कुमार सहित अन्य पुलिस अफसर मौके पर हैं। पूरे इलाके में नाकेबंदी कर दी गई है। बैंक से

एक्सिस बैंक में लूट की घटना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया।

सीसीटीवी लिए गए हैं। एसपी ने बताया कि बाइक व हुलिया के आधार पर पहचान हो रही है। वे जिस रास्ते से आए थे, उसके बारे में भी जानकारी मिल गई है। टीमों को पीछे लगा दिया गया है और जल्दी आरोपी पकड़े जाएंगे।